an>

Title: Need to construct a level crossing on eastern side of Lailakh railway station in Bhagalpur parliamentary constituency, Bihar.

श्री शैलेश कुमार (भागलपुर): मेरे संसदीय क्षेत्र भागलपुर स्थित पूर्व रेलवे के मालदा रेल मण्डल अधीन लैलख रेलवे स्टेशन के समीप रेल लाइन को पार करने के लिए कोई समपार नहीं है, रेलवे लाइन के दोनों तरफ गांवों की आबादी करीब 60,000 से भी ज्यादा है। लैलख रेलवे स्टेशन के पश्चिमी छोर पर एक समपार के निर्माण कराये जाने के लिए स्थानीय नागरिकों की यह बहुत ही पुरानी मांग है, जिससे कि आम लोगों को रेल लाइन के दोनों तरफ आवागमन में असुविधा नहीं हो। कई बार लोग अपनी जान को जोखिम में डालकर रेलवे लाइन पार करते हैं तथा दुर्घटना के शिकार हो जाते हैं। दुर्घटना के पश्चात् यहां पर समपार के निर्माण के लिए स्थानीय नागरिक आंदोलित भी हो चुके हैं जिससे कानून व्यवस्था की स्थिति बिगड़ जाती है।

अतः भारत सरकार से मेरी मांग है कि पूर्व रेलवे के मालदा रेलवे मण्डल के लैलख रेलवे स्टेशन के पश्चिमी छोर पर जनहित में एक समपार का निर्माण कराने हेतु आदेश देने की कृपा करने का कष्ट करें।